# हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया


**प्रधान की योजना**

केंद्र सरकार अगले पांच साल में 10 हजार नए सीएनजी स्टेशन स्थापित करेगी और 2030 तक 300 जिलों में शहरी गैस नेटवर्क का विस्तार किया जाएगा। पेज 15





# एयरपोर्ट विस्तार पर प्रशासन-अथॉरिटी एकजुट

लखनऊ एयरपोर्ट को असल मायने में 'अन्तरराष्ट्रीय' बनाने के लिए आपके अपने अखबार 'हिन्दुस्तान' का अभियान रंग ला रहा है। सोमवार को हिन्दुस्तान के दफ्तर में 'अमेरिका-यूरोप के लिए उड़ान का खत्म करो इंतजार' विषय पर संवाद का आयोजन हुआ। एयरपोर्ट अथॉरिटी की तरफ से निदेशक एके शर्मा और जिला प्रशासन से एडीएम सिटी पूर्व वैभव मिश्रा ने इस प्रयास के लिए 'हिन्दुस्तान' का आभार प्रकट किया। साथ ही मिलबैठकर समस्या का हल निकालने की बात कही।



एक तरफ इनवेस्टर समिट में हम उद्योग, होटल व्यवसाय का हब बनाने की बात कर रहे हैं, दूसरी तरफ हमारे पास सही मायने में एक अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट तक नहीं है। -डॉ. भरत राज सिंह, पर्यावरणविद



जितना जल्दी हो अधिग्रहण शुरू कराएं ताकि रन-वे का विस्तार हो। किसानों को ज्यादा मुआवजा देना पड़े तो कोई बात नहीं। अधिग्रहण न होने पर जो नुकसान होगा, वह इससे बहुत कम होगा। -संजय गुप्ता, व्यापारी नेता



किसान यदि बातचीत से नहीं समझ रहे तो अधिग्रहण शुरू कराएं। नहीं तो कई सौ करोड़ की लागत से बन रहे टर्मिनल-3 का कोई उपयोग नहीं हो पाएगा। -अमरनाथ मिश्र, व्यापारी नेता



रन-वे विस्तार के लिए बड़ी जिम्मेदारी राज्य सरकार और प्रशासन की है। सोचना होगा कि यहां देखते ही देखते मेट्रो ने इतना बढ़िया नेटवर्क कैसे बना लिया। -सुनील बी सत्यवक्ता, ट्रैवेल एजेंट एसोसिएशन



यदि एयरपोर्ट में अच्छी सुविधाएं और बेहतर कनेक्टीविटी की सुविधा मिलेगी तो बड़े अस्पताल जुड़ेंगे। एयर एंबुलेंस का लाभ भी मरीज पा सकेंगे। -डॉ. आनंद स्वरूप, कानपुर मेडिकल कॉलेज